सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7445	09.06.2023	09.06.2023	Alwar Rajasthan	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/city-and-states/60-people-ill-after-eating-kulfi-made-from-contaminated-mawa-seven-children-critical-condition-in-alwar-2023-06-09
Title:	**60 people ill after eating kulfi made from contaminated mawa seven children critical condition in Alwar, Rajasthan**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Alwar, SSU- Rajasthan			

अलवर में राजगढ़ की रैणी पंचायत समिति के भुलेरी ग्राम पंचायत के खुर्द में दूषित मावे से बनी कुल्फी खाने से करीब 60 व्यक्ति बीमार हो गए, जिन्हें उपचार के लिए राजगढ़, रैणी और बांदीकुई हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इनमें से सात बच्चों की हालत गंभीर होने पर उपचार के लिए अलवर और जयपुर रेफर कर दिया गया है।

खुर्द गांव निवासी लल्लूराम मीना, हरिओम मीना ने बताया कि गुरुवार शाम करीब सवा पांच बजे एक व्यक्ति मावे से बनी हुई कुल्फी बेचने इलाके में आया था। इसे करीब 60 बच्चों, महिलाओं-पुरुषों ने खा लिया था। करीब दो घंटे बाद सभी उल्टी, दस्त और पेट दर्द के शिकार हो गए। जिन्हें उपचार के लिए राजगढ़ चिकित्सालय लाया गया।

इनमें से लव, इंदु, रवि, पुलकित और दिव्या को प्राथमिक उपचार के बाद राजगढ़ से अलवर रेफर कर दिया गया। इसके अलावा विजय, प्रिया, पवन, मयंक, आशाराम, अजय, विष्णु, लव, मनीषा, राहुल, अंशु, प्रकाश, अनुष्का, मयंक, गिलकेश, प्रियांशु सहित 44 लोगों का राजगढ़ चिकित्सालय में उपचार जारी है। इसके

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

अलावा करीब 10 लोगों को बांदीकुई चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया, जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया है।

करीब 60 लोग बीमार, कुल्फी बेचने वाले पर शक...
रैणी चिकित्सालय में करीब आठ लोगों का इलाज जारी है। सूचना मिलते ही चिकित्सकों की टीम पीड़ितों का उपचार करने में जुटी हुई है। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. रमेश मीना चिकित्सालय में कैम्प किए हुए हैं। उनके निर्देशन में मेडिकल टीम उपचार में लगी हुई है।

मामले की सूचना मिलते ही डीएसपी हरिराम मीना, थानाधिकारी रामजीलाल मीना, एएसआई हीरालाल पुलिस जाप्ते के साथ चिकित्सालय पहुंचे और पीड़ित बच्चों से जानकारी जुटाई। पुलिस कुल्फी बेचने वाले का पता लगा रही है। स्थानीय लोगों ने यह भी आशंका जताई है कि जानबूझकर कुल्फी में कुछ गड़बड़ मिलाकर कुल्फ़ीवाला बेच गया। क्योंकि इलाके में वह व्यक्ति पहली बार दिखाई दिया था।